षड़यंत्र | शॉर्ट अटेंडेंस विवाद को जातीय रंग देकर जनजातीय समाज को गुमराह करने का आरोप

# समुदाय को गुमराह कर 15 लाख वसूली का आरोप

**अनूपपुर, नवभारत, 29 मई।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की कार्य परिषद के सदस्य, भाजयुमो प्रदेश मंत्री एवं एबीवीपी के पूर्व विभाग संगठन मंत्री मोरध्वज पैकरा ने विश्वविद्यालय परिसर में हाल ही में हुए कथित आंदोलन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय को गुमराह कर आंदोलन की आड़ में लगभग 15 लाख रुपये की कथित वित्तीय वसूली की गई, जो निंदनीय और जनजातीय समाज की आस्था के साथ विश्वासघात है।

मोरध्वज पैकरा ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि पूरा विवाद मूलतः 'शॉर्ट अटेंडेंस' यानी उपस्थिति की कमी से जुड़ा एक सामान्य प्रशासनिक मामला था। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने इस विषय को जातिगत रंग देकर जनजातीय समाज के सामने गलत तथ्यों को प्रस्तुत किया और विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आंतरिक परीक्षा में सम्मिलित हुए बिना नियमों के विरुद्ध छात्रों को उत्तीर्ण कराने की मांग की गई, जो किसी भी शैक्षणिक संस्थान की व्यवस्था के खिलाफ है। पैकरा के अनुसार, वास्तविक तथ्यों को छिपाकर जनजातीय समाज को आंदोलन में शामिल किया गया, जिससे एक प्रशासनिक विषय को सामाजिक मुद्दा बना दिया गया।



### आदिवासी छात्र संगठन के नाम पर बुजुर्गों को बुलाने का आरोप

मोरध्वज पैकरा ने आरोप लगाया कि ज्ञापन आदिवासी छात्र संगठन के नाम से प्रस्तुत किया गया, लेकिन आंदोलन में छात्रों के बजाय गांवों से बुजुर्ग जनजातीय महिला-पुरुषों को बुलाया गया। उन्होंने कहा कि अनूपपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से लोगों को कथित रूप से गलत जानकारी देकर चिलचिलाती धूप में लाया गया, जिससे उन्हें शारीरिक और मानसिक परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने इसे जनजातीय समाज के सम्मान के खिलाफ बताते हुए कहा कि समाज के बुजुर्गों को इस प्रकार आंदोलन का हिस्सा बनाना सार्वजनिक धोखा है।

### बोलेरो समेत अन्य वाहनों की बुकिंग के नाम पर राशि ली गई

पैकरा ने आरोप लगाया कि आंदोलन के नाम पर वाहन बुकिंग और अन्य व्यवस्थाओं के लिए कथित रूप से करीब 15 लाख रुपये एकत्र किए गए। उन्होंने दावा किया कि स्कॉर्पियो, बोलेरो समेत अन्य वाहनों की बुकिंग के नाम पर राशि ली गई, लेकिन आंदोलन में बुलाए गए लोगों को पर्याप्त सुविधा और खर्च तक उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने कहा यह आंदोलन नहीं, बल्कि भोले-भाले जनजातीय समाज की आस्था का सौदा है। जो लोग समाज की भावनाओं को मोहरा बनाकर लाखों रुपये कमाने का प्रयास करते हैं, वे किसी भी रूप में समाज के हितैषी नहीं हो सकते।

### समाज को बांटने की साजिश का आरोप

कार्य परिषद सदस्य ने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्व जाति, धर्म और क्षेत्र के नाम पर जनजातीय समाज को बांटने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि राजनीतिक और आर्थिक लाभ हासिल किया जा सके। उन्होंने सितंबर 2025 में विश्वविद्यालय परिसर के सभागार से जुड़े एक विवादास्पद मामले का भी उल्लेख करते हुए उसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में आंदोलन और दबाव की राजनीति का सबसे अधिक नुकसान जनजातीय विद्यार्थियों को होता है, क्योंकि शिक्षा ही उनके विकास का सबसे बड़ा माध्यम है। यदि नियमों और परीक्षाओं के स्थान पर धरना और दबाव को प्राथमिकता दी जाएगी, तो ईमानदारी से पढ़ाई करने वाले छात्रों का भविष्य प्रभावित होगा।

### सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच की मांग

मोरध्वज पैकरा ने कहा कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस विषय को विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की बैठक में रखा जाएगा और यथासंभव किसी सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच कराने की मांग की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा इस पूरे मामले पर तथ्यात्मक श्वेत-पत्र जारी किया जाना चाहिए, ताकि जनजातीय समाज के सामने वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।



# नाबालिग अपहृता को पुलिस ने किया दस्तयाब

**अनूपपुर, नवभारत, 29 मई।** चौकी सरई थाना करनपठार के अपराध क्रमांक 176/26 धारा 137(2) बी.एन.एस. के तहत दर्ज प्रकरण में पुलिस ने नाबालिग अपहृता को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार घटना दिनांक 25 अप्रैल को नाबालिग अपहृता अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर अपहृता के पिता ने दिनांक 26 मई को थाना करनपठार पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना करनपठार में अपराध क्रमांक 176/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार बरकरे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा साइबर सेल एवं अन्य तकनीकी साधनों की सहायता से लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान 28 मई को सूचना प्राप्त हुई कि नाबालिग पीड़िता अपने भाई पुष्पेन्द्र सिंह के यहां सुंदरदादर जिला उमरिया पहुंची है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मंगल दुबे के साथ प्रधान आरक्षक रामप्रसाद सिंह मरावी एवं महिला आरक्षक राखी मराबे द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अथक प्रयासों से नाबालिग अपहृता को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया।

# एसडीआरएफ का रेस्क्यू : पुष्कर बांध में डूबे युवक का शव बरामद

**अनूपपुर, नवभारत, 29 मई।** जिले की धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक स्थित नर्मदा नदी के पुष्कर बांध में डूबे युवक का शव एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार सुबह बरामद कर लिया। मृतक की पहचान बराती निवासी 45 वर्षीय सुरेश सिंह धुर्वे के रूप में हुई है। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार सुरेश सिंह धुर्वे गुरुवार सुबह घर से इंडियन गैस एजेंसी में गैस सिलेंडर ट्रक खाली कराने के कार्य के लिए निकले थे। घर से निकलते समय उन्होंने परिजनों से शीघ्र लौटने की बात कही थी। कार्य समाप्त होने के बाद वह नर्मदा नदी के पुष्कर बांध पहुंचे और नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी डूबने से मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुरेश सिंह ने बांध की पटरी से गहरे हिस्से में छलांग लगाई थी। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें ऐसा करने से मना भी किया, लेकिन उन्होंने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया। कुछ देर तक बाहर नहीं आने पर लोगों ने शोर मचाते हुए बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। प्लाटून कमांडर राम नरेश भवेदी के नेतृत्व में 7 सदस्यीय टीम, जिसमें भूपेंद्र सिंह, सुनील सिंह, अनुज कुमार, शिवप्रताप सिंह, अधारी सिंह एवं भागवत सिंह शामिल थे, गुरुवार शाम अमरकंटक पहुंची। तेज बारिश और अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान रात में रोकना पड़ा।



### शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

शुक्रवार सुबह पुनः सर्च अभियान शुरू किया गया, जिसमें गोताखोरों ने गहरे पानी से शव को बाहर निकाल लिया। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर सुरेश सिंह डूबे थे, वहां पानी की गहराई लगभग 35 से 40 फीट थी। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय चिकित्सालय भेज दिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## अशोका हॉल हाईस्कूल में क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन

**नवभारत, जबलपुर।** अशोका हॉल जूनियर एवं हाई स्कूल ने जहांगीराबाद क्रिकेट अकादमी के सहयोग से क्रिकेट अकादमी का भव्य उद्घाटन किया। इस समारोह में माननीय महापौर जगत बहादुर अन्नू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर श्रद्धा मालपानी ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया, वहीं अजय चौबे ने श्रीमति श्रद्धा मालपानी का सम्मान किया। इसके साथ ही अचल , राजेंद्र दुबे , अजय दुबे एवं अंशुल मिश्रा ने महापौर का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रजगत बहादुर अन्नू सिंह जी ने इस पहल की सराहना की तथा सभी गणमान्य अतिथियों के साथ क्रिकेट पिच का उद्घाटन किया।

# केरहा डेम में 2 शुरू होगा से गहरीकरण कार्य

### किसानों को मुफ्त मिलेगी उपजाऊ मिट्टी

**कोतमा, नवभारत, 29 मई।** जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद कोतमा द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 04 में स्थित केरहा डेम में आगामी 2 जून 2026 से 'जल गंगा अभियान' के तहत डिसिल्टिंग (गाद निकालने एवं गहरीकरण) का कार्य शुरू होने जा रहा है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने इस अभियान को लेकर एक आधिकारिक सूचना जारी की है, जिसमें स्थानीय नागरिकों, किसानों और समाजसेवियों से सहयोग की अपील की गई है।

### किसानों के लिए सुनहरा मौका

डेम की सफाई और गहरीकरण के दौरान निकलने वाली कीमती



उपजाऊ मिट्टी और गाद (Silt) किसानों को दी जाएगी। जिन किसान भाइयों को अपने खेतों के लिए इस उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता है, वे अपने स्वयं के ट्रैक्टर या अन्य वाहनों के माध्यम से इसे निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें पहले नगर पालिका कार्यालय में संपर्क करना होगा।

### श्रमदान और मशीनरी सहयोग की अपील

जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के इस महाअभियान में नगर पालिका ने सामाजिक सहभागिता पर जोर दिया है। प्रशासन ने क्षेत्र के सभी समाजसेवियों, युवाओं और प्रबुद्ध जनों से अपील की है कि जो भी इस पुनीत कार्य में श्रमदान करना चाहते हैं या अपनी मशीनरी/वाहन (जैसे जेसीबी, डंपर आदि) के माध्यम से सहयोग करना चाहते हैं, वे सीधे नगर पालिका परिषद कोतमा से संपर्क कर इस अभियान का हिस्सा बन सकते हैं।

# ग्रामीणों की आय बढ़ाने न्यू जोन इंडिया, टोरेंट परियोजना

### रक्सा-कोलमी क्षेत्र में प्रस्तावित ऊर्जा परियोजना से स्थानीय युवाओं को रोजगार

**अनूपपुर, नवभारत, 29 मई।** जिले की रक्सा-कोलमी ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्रस्तावित न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं उसकी सहायक कंपनी टोरेंट पावर की ऊर्जा परियोजना को ग्रामीण विकास और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों, व्यापारियों और युवाओं का मानना है कि इस परियोजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोगों की आय में भी सकारात्मक वृद्धि होगी।

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में बड़े उद्योगों और निवेश की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ऐसे में यह परियोजना स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए रास्ते खोल सकती है। वहीं व्यापारियों को भी बाजार विस्तार और नए ग्राहकों का



लाभ मिलने की उम्मीद है।क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि कुछ लोग विकास कार्यों को प्रभावित करने और माहौल भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि हर बड़ी परियोजना के दौरान कुछ तत्व अनावश्यक विवाद खड़े कर जिले में आने वाले निवेश को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। वहीं कुछ लोग 'विज्ञप्ति वीर' बनकर अनैतिक दबाव बनाने में जुटे हुए हैं, जबकि क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकता रोजगार, उद्योग और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की है। सूत्रों के अनुसार प्रशासनिक एवं विभागीय स्तर पर परियोजना से जुड़ी आवश्यक प्रक्रियाएं नियमानुसार आगे बढ़ रही हैं तथा संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण जारी है।

### स्थानीय परिवारों और छोटे व्यापारियों को लाभ मिलेगा

परियोजना के माध्यम से सड़क, परिवहन, निर्माण कार्य, छोटे व्यापार, होटल, किराना, मशीनरी एवं अन्य स्थानीय सेवाओं से जुड़े नए अवसर तेजी से विकसित होने की संभावना जताई जा रही है। जानकारों के अनुसार बड़े औद्योगिक निवेश से आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ती हैं, जिसका सीधा लाभ स्थानीय परिवारों और छोटे व्यापारियों को मिलता है।

## कैट ने किया जेडीए अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का स्वागत

**नवभारत, जबलपुर।** मेट्रो हॉस्पिटल में आयोजित सम्मान समारोह में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) संस्था द्वारा जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शहर विकास और व्यापारी हितों को लेकर सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर कैट पदाधिकारियों ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में संस्था हमेशा प्रशासन और जेडीए के साथ खड़ी रहेगी। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और शहर के व्यवस्थित विकास के लिए हरसंभव योगदान दिया जाएगा। कार्यक्रम में कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, संभागीय अध्यक्ष दीपक सेठी, सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफ, कोषाध्यक्ष राजीव नेमा, संरक्षक राधेश्याम अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रिंट रेट से अधिक पर शराब बिक्री, पैकारी पर उठे सवाल

**जमुना-कोतमा, नवभारत, 29 मई।** श्रमिक नगर सहित आसपास के कई क्षेत्रों में संचालित शराब दुकानों की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है। क्षेत्रवासियों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि कुछ दुकानों में शराब प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर बेची जा रही है, जबकि कथित रूप से पैकारी व्यवस्था के माध्यम से भी शराब की बिक्री किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इन आरोपों के बाद आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

श्रमिक नगर के अलावा छुलहा, राजनगर, कोतमा एवं आसपास के अन्य क्षेत्रों से भी इसी प्रकार की शिकायतें सामने आने की चर्चा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ स्थानों पर निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूली जा रही है, जबकि कथित रूप से पैकारी के माध्यम से शराब की उपलब्धता भी बनी हुई है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन लगातार मिल रही शिकायतों के चलते लोगों ने मामले की गंभीर जांच की मांग उठाई है।

### अवैध बिक्री रोक की मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शराब खरीदने आने वाले



उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूली जा रही है। वहीं कई स्थानों पर दुकान के बाहर और मोहल्लों तक शराब पहुंचाए जाने की चर्चाएं भी आम हैं। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो अवैध बिक्री और ओवररेटिंग जैसी गतिविधियां और बढ़ सकती हैं।

क्षेत्र के सामाजिक संगठनों एवं जागरूक नागरिकों ने आबकारी विभाग और जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि शराब दुकानों की नियमित निगरानी, बिल जांच और स्टॉक सत्यापन कराया जाए ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

### जनहित में व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तैयार

नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित में व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा सकती है।

**इनका कहना है**

'शराब दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर बिक्री अथवा कथित पैकारी की शिकायतें प्राप्त होने पर संबंधित मामलों की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आबकारी विभाग निर्धारित नियमों के पालन के लिए प्रतिबद्ध है।'

**कृष्णकांत उईके**
**आबकारी अधिकारी,**
**कोतमा**


## कार्यालय नगर परिषद बनगवाँ (राजनगर) जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

Office : Municipal Council Bangavan Dist-Anuppur (M.P.) Email - cmobangavan@mp.urban.gov.in

क्रमांक- 683./ न.प. / जेम / 2026 — बनगवाँ, दिनांक 26 / 05 / 26.

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा gem portal के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट gem portal पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभ तिथि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2026/B/7571367 | **AGLO MACHINE** Solid Waste containing various objects such as plastic bottles, plastic waste, thrash waste, organic waste etc | 22.05.2026 | 01.06.2026 |
| 2 | GEM/2026/B/7571352 | **Shredder Machine** Mechanism Type: Double Shaft with Rotating Blades, Application: Shredding of Organic Waste Contains Vegetable waste and Kitchen leftover waste | 22.05.2026 | 01.06.2026 |
| 3 | GEM/2026/B/7571346 | **Bailing machine** Capacity - 50 Ton Automatic Grade - Semi Automatic Size - 20X27 Hydraulic Presser Cycle Time -30 Sec. Sheet - 5 Mm Channel 3X1- 1/2" Patta - | 22.05.2026 | 01.06.2026 |

नोट - किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन gem portal की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बनगवाँ (राजनगर), जिला - अनूपपुर (म.प्र.)


## 17 जून को निकाली जाएगी शौर्य यात्रा

**नवभारत, जबलपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर प्रतिवर्षानुसार समस्त क्षत्रिय राजपूत समाज जबलपुर द्वारा भव्य शौर्य यात्रा 17 जून 2026 दिन बुधवार को निकाली जाएगी। इसे लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मप्र द्वारा समदड़िया होटल में विस्तृत चर्चा हेतु आवश्यक बैठक आहूत की गई। इसमें भारी संख्या में क्षत्रिय बंधुओं और युवाओं ने सम्मिलित होकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए एवं हर संभव सहयोग की अपील की है। बैठक के दौरान यात्रा की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर समाज के प्रबुद्धजनों के बीच गहन विचार-विमर्श हुआ। उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को सुव्यवस्थित और विशाल रूप देने के लिए अलग-अलग व्यवस्थाओं पर अपने विचार साझा किए। प्रतिवर्ष निकलने वाली इस पारंपरिक यात्रा को इस बार भी गरिमामयी और भव्य बनाने के लिए सभी ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।



# हृदय रोग से पीड़ित 5 बच्चों को भोपाल रेफर किया

**अनूपपुर, नवभारत, 29 मई।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हृदय रोग से पीड़ित 5 बच्चों को निःशुल्क ईको जांच एवं आवश्यक सर्जरी के लिए भोपाल रेफर किया गया है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की पहल पर बच्चों को विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अल्का तिवारी एवं जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.सी. राय के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही संपन्न हुई। डीआईओ डॉ. मोहन सिंह श्याम एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र खेस के नेतृत्व में चिन्हित बच्चों — साक्षी, दिव्यांशी, आयुष, संध्या एवं प्रियंका — को उपचार हेतु चिरायु हेल्थ एंड मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड भेजा गया।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में जन्मजात एवं अन्य गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान कर उन्हें निःशुल्क, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में संभावित हृदय रोग से प्रभावित बच्चों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए यह पहल की गई।

उक्त कार्य में डीईआईएम डॉ. एस.एन. पिटानिया द्वारा समन्वय किया गया। साथ ही टीम के अन्य सदस्यों डॉ. प्रीति जैन, डॉ. कृष्णप्रताप सिंह, डॉ. आशीष कुमार शिवहरे, डॉ. अजय कुमार मंडल, डॉ. राज बहोर साहू तथा वाहन चालक सोनू पनिका एवं अल्लू पाठक का सराहनीय सहयोग रहा।

## जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**अनूपपुर, नवभारत, 29 मई।** शासन के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत दमहेड़ी के ग्राम सिवनीसंगम में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।


## कार्यालय, नगर परिषद् डोला, जिला-अनूपपुर (म० प्र०)

Office: Municipal Council Dola Dt-Anuupur(M.P.) Email-cmodola@mpurban.gov.in ☎ 9630206418

क्रमांक— 786 /न0परि0/लो.नि./ई—टेण्डर/2026 — डोला, दिनांक 29/05/2026

—: निविदा विज्ञप्ति :— (प्रथम आमंत्रण)

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्यो हेतु **एस.ओ.आर 08.11.2025** के अनुसार प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदाएं केन्द्रीकृत प्रणाली समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो एवं ठेकेदारो से ऑनलाइन निविदा दरें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाइन टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 776/E-TENDER /NAGAR PARISHAD DOLA,ANUPPUR **2026_UAD_511243_1** Construction Of Cc Road From SHAYAM LAL TO BHAILAL HOUSE At Ward No. 06 | **2026_UAD_511243_1** Construction Of Cc Road From SHAYAM LAL TO BHAILAL HOUSE At Ward No. 06 | Rs. 2,08,828.00 | Rs. 2,088/_ | Rs.2000/- | 03 Months |
| 02 | 775/E-TENDER /NAGAR PARISHAD DOLA,,ANUPPUR **2026_UAD_511242_1** Construction Of Cc Road From AASHA CLOTHS TO BAJNATH GOND HOUSE At Ward No. 10 | **2026_UAD_511242_1** Construction Of Cc Road From AASHA CLOTHS TO BAJNATH GOND HOUSE At Ward No. 10 | Rs. 4,77,206.00 | Rs. 4,772/_ | Rs.2000/- | 03 Months |
| 03 | 774/E-TENDER /NAGAR PARISHAD DOLA,,ANUPPUR **2026_UAD_511239_1** Construction Of Cc Road From Vinod Nahar House To Dharmendra Nahar House At Ward No. 04 | **2026_UAD_511239_1** Construction Of Cc Road From Vinod Nahar House To Dharmendra Nahar House At Ward No. 04 | Rs. 5,58,084.00 | Rs. 5,580/_ | Rs.2000/- | 03 Months |

1— उल्लेखित कार्यो के निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।
2— ऑनलाइन निविदा (2026_UAD_511243_1) प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 29.05.2026 समय 10:30 PM से 15.06.2026 समय 17:30 PM बजे तक निर्धारित है।
3— ऑनलाइन निविदा (2026_UAD_511242_1) प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 29.05.2026 समय 10:30 PM से 15.06.2026 समय 17:30 PM बजे तक निर्धारित है।
4— ऑनलाइन निविदा (2026_UAD_511239_1) प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 29.05.2026 समय 10:30 PM से 15.06.2026 समय 17:30 PM बजे तक निर्धारित है।

निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किये जाने पर समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। निविदा में किया गया संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद् डोला जिला—अनूपपुर (म0प्र0)